an>

Title: Need to provide necessary and adequate resources to trainee Archers of Shivtarai village, Kota Tehsil, Bilaspur district in Chhattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर) ः छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर अंतर्गत कोटा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम शिव तराई से करीब 65 लोगों को तीरंदाजी में राजकीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में 35-40 लड़के एवं लड़कियाँ प्रशिक्षण ले रहे हैं। संसाधन के अभाव में प्रशिक्षणार्थियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर केंद्र सरकार की ओर से प्रशिक्षण संबंधी साधन मुहैया कराया जाता है तो शिव तराई (कोटा क्षेत्र) के तीरंदाज खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर पाने में सक्षम होंगे।

मेरा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री जी एवं जनजातीय कार्य मंत्री जी से आग्रह है कि उक्त क्षेत्र को संज्ञान में लेकर दोनों मंत्रालय द्वारा ग्राम शिव तराई के प्रतिभावान भावी खिलाड़ियों के लिए अतिशीघ्र आवश्यक संसाधन मुहैया कराये जाये जो राष्ट्रहित में होगा।